टिटनस (टी0टी0) हटाओ अभियान

– दस जरूरी बातें –

प्र0 1 टिटनस (टी0टी0) टीके का क्या महत्त्व है?

उत्तर टिटनस टॉक्साईड वैक्सीन एक अत्यधिक सुरक्षित व प्रभावी टीका है। यह टीका एक सुई के द्वारा दिया जाता है। इससे टिटनस (धनुष टंकार/ जमोखा) बीमारी व उससे होने वाली मौत से बचाया जा सकता है।

प्र0 2 यह टीका किसे व कब लगाया जाता है?

उत्तर

- टिटनस टॉक्साईड का टीका सभी गर्भवती महिलाओं को लगाया जाता है ।
- गर्भ का पता लगते ही पहला टीका लगाना है, चार सप्ताह के अन्तराल में दूसरा टीका लगाना है। अगर दूसरा टीका समय पर नहीं लगा तो प्रसव से एक माह पहले अवश्य लगवायें।
- दो टीके लगाना जरूरी है, क्योंकि पहले टीके से पूरा बचाव नहीं होता और दूसरा लग जाये तो तीन वर्ष तक इसका असर रहता है।

प्र03 जिन महिलाओं को पहले टी0टी0 का टीका लग चुका है क्या उन्हें भी इस अभियान के दौरान टीका लगवाने की आवश्यकता है?

उत्तर हां, प्रत्येक अतिरिक्त टीका शरीर में रोग से लड़ने की क्षमता बढ़ाता है, जिससे बचाव अवधि बढ़ जाती है। चूंकि टीके का कोई बुरा प्रभाव नहीं है। इसलिए जिनको पूर्व में टीके दिये जा चुके है उनको भी टीका लगवाना लाभदायक है।

प्र0 4 क्या उस नवजात शिशु को टी0 टी0 के टीके की आवश्यकता होगी, जिसकी मां को टी0 टी0 के दो टीके लग चुके है?

उत्तर नवजात शिशु के शरीर में माँ से प्राप्त टिटनेस से लड़ने की ताकत डेढ़ माह तक रहती है । उसके बाद शिशु को नियमित टीकाकरण कराना जरूरी है।

प्र0 5 टी0 टी0 टीके का क्या कोई दुष्प्रभाव है?

उत्तर कोई नहीं ।

प्र0 6 यदि इस वर्ष इस अभियान में टी0टी0 का टीका नहीं लगा हो तो क्या टी0टी0 का टीका अन्य दिवस पर लगाया जा सकता है?

उत्तर अभियान तो एक अतिरिक्त मौका है, यदि किसी कारण से अभियान में टीके नही लग सके हों तो नजदीक के टीकाकरण केन्द्र पर जाकर दो टीके जरूर लगवा लें ।

प्र0 7 यदि 1,3 एवं 5 मई की अवधि में टी0टी0 का पहला टीका नहीं लगे तो क्या 2,5 एवं 7 जून के दौरान उसे टी0 का टीका लगवाया जा सकता है?

उत्तर जी हाँ जरूर लगवाये, उसके एक माह बाद नजदीक के टीकाकरण केन्द्र पर जाकर दूसरा टीका भी लगवाये।

प्र0 8 अभियान के दौरान टी0टी0 टीकाकरण की क्या सुविधाएं है?

उत्तर प्रत्येक गांव में अभियान के दौरान एक दिन टी0टी0 टीकाकरण दल प्रातः 8.00 बजे से निर्धारित स्थान पर टीके लगायेगा । इसी प्रकार शहरों में मलिन बस्तियों के लिए भी टीकाकरण सेवाएं उपलब्ध होगी। यह सेवायें मुफ्त है। अभियान के दौरान सभी सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

प्र0 9 टी0टी0 टीकाकरण के दौरान क्या–क्या सावधानियॉ रखी जा रही हैं?

उत्तर

- हर एक लाभार्थी को एक सिरिंज – एक सुई द्वारा टीका लगाया जायेगा।
- सिरिंज सुईयों के विसंक्रमण का विशेष ध्यान रखा जायेगा।
- वैक्सीन कोल्ड चेन में सुरक्षित रखी जायेगी ।

प्र0 10 टी0टी0 टीकाकरण का गर्भावस्था पर कोई प्रतिकूल प्रभाव तो नहीं है?

उत्तर नहीं, टी0टी0 का टीका पूरी तरह सुरक्षित है और गर्भावस्था में किसी भी समय देने से गर्भ में पल रहे शिशु पर कोई बुरा असर नहीं होता है। बल्कि इससे शिशु को नवजात टिटनस रोग से सुरक्षा मिलती है।